दिन– गुरूवार                                                                 दिनांक– 08 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                     अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने नगर पालिका संशोधन बिल के पांच प्रस्तावों में किया बदलाव। नगर निकाय ही करेंगे ठोस कचरा प्रबंधन की दर का निर्धारण।

02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण प्रदेश में गंगा, कोसी, बागमती और गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी। शिवहर के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

03. प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में ग्यारह लोगों की मौत।

04. और, पेरिस ओलंपिक में आज भाला फेंक स्पर्धा में मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक के लिए खेलेंगे। महिला पहलवान विनेश फोगाट ने खेल से सन्यास की घोषणा की।

---

राज्य सरकार ने नगर पालिका संशोधन बिल को लेकर हो रहे विरोध के बाद बिल के पांच प्रमुख संशोधनों में बदलाव किया है। नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि संशोधन बिल के कुछ प्रावधानों की समीक्षा के बाद इसमें बदलाव का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन दर का निर्धारण नगर निकाय ही करेंगे। इसके संचालन के लिए दर निर्धारण और कार्यान्वयन नगर निकायों द्वारा ही किया जाएगा। श्री नवीन ने कहा कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा कार्यपालक शक्ति का उपयोग सशक्त स्थायी समिति के पर्यवेक्षण के अधीन किया जाएगा। नगर विकास और आवास विभाग ने विशेष आदेश के तहत बिल में बदलाव की मंजूरी दी है।

---

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा–नीट पीजी दो हजार चौबीस के प्रश्न पत्र के लीक होने की खबरों को खारिज कर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ऐसी खबरों को गलत और भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी परीक्षार्थियों को आश्वासन दिया गया है कि नीट पीजी दो हजार चौबीस परीक्षा के प्रश्न पत्र अभी तक राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने तैयार नहीं किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि

सोशल मीडिया में किए गए पेपर लीक के दावे फर्जी हैं। मंत्रालय ने परीक्षार्थियों को ऐसे बेईमान तत्वों के बहकावे में न आने या गुमराह न होने के प्रति सचेत किया है।

———————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि राज्य के सरकारी स्कूलों में प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति पचास प्रतिशत आरक्षण के आधार पर होगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने प्रदेश के सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षक के चालीस हजार दो सौ सैंतालीस पदों पर नियुक्ति बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जाएगी। विभाग की ओर से जारी निर्देश में पचास प्रतिशत आरक्षण के अनुरूप रोस्टर क्लियरेंस की जानी है।

———————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश की अधिकांश नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसी और बागमती नदी विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, गंगा, गंडक और घाघरा नदी भी कई स्थानों पर चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से ऊपर बह रही है। सुपौल के भीम नगर कोसी बराज पर भी नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। ब्योरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

नेपाल में हो रही बारिश के कारण एक बार फिर से कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। बराज से 2 लाख 19 हजार 85 क्यूसेक पानी बढ़ते क्रम में छोड़ा गया है। वहीं नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बराह से कोसी नदी में 1 लाख 72 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यहां जलस्तर घटते क्रम में दर्ज किया गया है। जलस्तर के दबाव को देखते हुए कोसी बराज के 56 में से 24 फाटक खोले गए हैं। इधर कोसी नदी के जलस्तर में उतार चढाव के कारण पूर्वी और पश्चिमी तटबंध के अंदर रह रहे लोगों को एक बार फिर से बाढ़ और कटाव की चिंता सताने लगी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

इधर, बागमती नदी का जलस्तर शिवहर के डुब्बा धार, सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज, रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है। शिवहर से हमारे संवाददाता ने बताया कि नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल गया है।

———बाईट———

बागमती नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश के कारण इसके जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। डुब्बा धार में जलस्तर 62 मीटर 16 सेंटीमीटर तक पहुंच गया। जो खतरा के निशान से 88 सेंटीमीटर उपर है। बाढ़ का पानी धीरे–धीरे दोनों तटबंधों के बीच फैल रहा है।

तटबंध के अंदर पानी का बहाव तेज हो रहा है। इससे तटबंधो पर पानी का दबाव अत्यधिक बढ़ गया है। बागमती विभाग द्वारा तटबंधों की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इधर बेलवा घाट से लेकर डुब्बा घाट तक नदी के दोनों किनारों पर कटाव होने से खेती योग्य भूमि नदी की धारा में समा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से मात्र पच्चीस सेंटीमीटर, हाथीदह में अड़तीस सेंटीमीटर और दीघा घाट में इक्यानवे सेंटीमीटर नीचे रह गया है। वहीं, भागलपुर के कहलगांव में भी नदी चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण शेखपुरा जिले से होकर गुजरने वाली हरोहर और टाटी नदी उफान पर है। इधर, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, कमला बलान मधुबनी के जयनगर और झंझारपुर में तथा परमान नदी अररिया में चेतावनी के स्तर से ऊपर बह रही है।

---

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने नवादा, मुंगेर, सहरसा और खगड़िया जिले में अगले दो से तीन घंटों के दौरान तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इधर, राजधानी पटना और अस–पास के इलाकों में देर रात से ही रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आज राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

–––बाईट–––

पिछले चौबीस घंटों के दौरान मधेपुरा के ग्वालपाड़ा में सबसे अधिक एक सौ तिरेसठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, औरंगाबाद के कुटुम्बा में एक सौ इक्यावन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है।

---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अलग–अलग भागों में वज्रपात से ग्यारह लोगों की मौत हो गई। नवादा जिले में छह लोगों की मौत हुयी है। वहीं, गया में तीन और जमुई तथा बेगूसराय में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुःख जताते हुये मृतकों के निकटतम आश्रितों को

चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। आपदा प्रबंधन विभाग ने खराब मौसम के दौरान लोगों को खुले स्थानों पर नहीं जाने की सलाह दी है। साथ ही इस दौरान ऊंचे पेड़ और बिजली के खंभों से भी दूर रहने को कहा गया है।

---

और, अब बात करते हैं पेरिस ओलंपिक की। पेरिस ओलंपिक में आज विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाडी नीरज चोपड़ा अपने खिताब की रक्षा करने उतरेंगे। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट––

---

विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल मुकाबले में वज़न बढ़ने के कारण अयोग्य घोषित किये जाने के बाद खेल से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। विनेश फोगाट स्वर्ण पदक के पचास किलोग्राम वर्ग में खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले से पहले करीब सौ ग्राम भार अधिक होने के कारण अयोग्य घोषित कर दी गईं थी।

---

ऑस्ट्रेलिया ने बिहार में गैर परंपरागत बिजली उत्पादन के क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई है। ऑस्ट्रेलिया के कांसुलेट जनरल एच ब्वायलान इस संबंध में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव से चर्चा करेंगे। कांसुलेट जनरल बारह और तेरह अगस्त को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। इस दौरान वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मुलाकात करेंगे।

---

नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीव्यूसन कंपनी ने मधेपुरा के कुमारखंड में पदस्थापित कनीय विद्युत अभियंता कुन्दन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कार्य में लापरवाही और बिना अनुमति अनुपस्थित रहने के कारण उन पर यह कार्रवाई की गयी है। कंपनी के अनुसार निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मधुबनी रहेगा।

---

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो इस स्वतंत्रता दिवस का जश्न अंतरिक्ष में पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को कक्षा में स्थापित करके मनाएगा। उपग्रह को लॉंच करने के लिए स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल का इस्तेमाल किया जाएगा, जो पंद्रह अगस्त को सुबह नौ बजकर सत्रह मिनट पर श्रीहरिकोटा से लॉंच होगा।

---

गया में बोधगया के महाबोधि परिसर में वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के वैज्ञानिक डॉ. संतन भरथवाल और डॉ. शैलेश पांडे ने बोधि वृक्ष का निरीक्षण किया। वैज्ञानिकों ने कहा है कि बोधि वृक्ष को कवक से प्रभावित होने से बचाने के लिए उचित उपचार दिया जा रहा है और बोधि वृक्ष बिल्कुल स्वस्थ है।

---

मुंगेर की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में एक अपराधी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर पच्चीस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

---

मधुबनी लौकही और नरहिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग–अलग गश्ती के दौरान दो मोटरसाईकिल सहित एक सौ पचास बोतल शराब के साथ तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने रेसलर विनेश फोगाट के ओलंपिक के फाइनल मुकाबले में अयोग्य घोषित होने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – विनेश को बढ़े वजन ने दी मात। महिला पहलवान ओलंपिक से बाहर, फाइनल खेलने के लिए अयोग्य ठहराया गया।

**दैनिक जागरण** ने इसी खबर का शीर्षक दिया है – करोड़ों की उम्मीद पर भारी सौ ग्राम। विनेश की ओलंपिक का दुखद अंत।

**प्रभात खबर** ने सिपाही भर्ती परीक्षा की खबर को तरजीह देते हुए लिखा है – सेंधमारी की कोशिश में राज्य में चौंतीस गिरफ्तार।

**दैनिक भास्कर** की प्रमुख खबर है– उच्चतम न्यायालय ने कहा – विष्णुपद मंदिर गयापाल पंडों की निजी संपत्ति नहीं।

**आज** अखबार लिखता है – एक हजार बांग्लादेशी नागरिकों ने की भारत में घुसने की कोशिश। बीएसएफ ने जलपाईगुड़ी बॉर्डर पर रोका।

**राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है– नौ राज्यों की बारह सीटों के लिए चुनाव तीन सितम्बर को।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने नगर पालिका संशोधन बिल के पांच प्रस्तावों में किया बदलाव। नगर निकाय ही करेंगे ठोस कचरा प्रबंधन की दर का निर्धारण।

02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण प्रदेश में गंगा, कोसी, बागमती और गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी। शिवहर के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

03. प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में ग्यारह लोगों की मौत।

04. और, पेरिस ओलंपिक में आज भाला फेंक स्पर्धा में मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक के लिए खेलेंगे। महिला पहलवान विनेश फोगाट ने खेल से सन्यास की घोषणा की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।